हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल राजभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में संयुक्त रूप से 'हरियाणा राजभवन-एक दृष्टि' नामक कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया।श्री बंडारू दत्तात्रेय ने पुस्तक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रकाशन हरियाणा के मूल्यों, विरासत और परंपराओं का एक स्थायी प्रमाण है जो नागरिकों को राज्य की प्रशासनिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कॉफी टेबल बुक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो हरियाणा के समृद्ध सांस्कृतिक लोकाचार और शासन में राजभवन की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।यह स्मारिका हरियाणा राजभवन की स्थापत्य कला की भव्यता, राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को दर्शाती है जिनमें श्री बंडारू दत्तात्रेय ने भाग लिया ।स्मारिका में उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों, अभिलेखीय सामग्रियों और हरियाणा के शासन और सांस्कृतिक इतिहास को भी दर्शाया गया है।

****

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टीवीएसएन प्रसाद ने कल उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 21वीं बैठक में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने में क्षेत्रीय परिषदों का महत्व उजागर किया। उन्होंने कहा कि राज्यों को सशक्त बनाने और केंद्र और राज्यों के बीच नीतिगत ढांचों पर समन्वय बढ़ाने के लिए परिषद काफी महत्वपूर्ण है।कल चंडीगढ़ में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बैठक में पिछले वर्ष अमृतसर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चर्चा किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।इस दौरान कई महत्वपूर्ण अंतर राज्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिनमे पड़ोसी राज्यों को अपने उद्योगों में पाइप प्राकृतिक गैस जैसे स्वच्छ ईंधन में स्थानांतरित करने की आवश्यकता, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में ताप ऊर्जा संयंत्र में ईंधन के रूप में कोयले के उपयोग की छूट, शामिल है। इसके इलावा विनिर्माण भंडारण, बिक्री, ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्मों के माध्यम से वितरण सहित, एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध जैसे विषय भी शामिल है। बैठक में वहां प्रदूषण नियंत्रण, बीएस-6 वाहनों का पंजीकरण, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और दिल्ली में अन्य गंतव्य वाले ट्रकों के प्रवेश को हतोत्साहित करने जैसे विषय पर भी चर्चा हुई।उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 21वीं बैठक में कुल 69 मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें से कई राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण विषय संबंधी मुद्दे शामिल रहे। बैठक में अंतर राज्य परिषद सचिवालय के सचिव के. मोसेस चालई, हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत, पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा भी शामिल हुए। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

****

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के पक्ष को जानना और निर्णय लेना आसान होगा।न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि देशभर में जिला न्यायपालिका के लिए हुई

परीक्षाओं में 50 प्रतिशत से अधिक भर्तियाँ महिलाओं की हुई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे महिलाएं न्यायपालिका में उच्च पदों पर पहुंच सकेंगी।कल प्रसारित किया गया यह साक्षात्कार हमारे यूट्यूब चैनल AIR News ऑफिशियल, हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

****

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने चार दवाओं के चुनिंदा बैच को नकली घोषित किया है।

संगठन ने लगभग 3 हज़ार नमूनों के परीक्षण के बाद 49 दवाओं को वापस लेने को कहा है। दवाओं के डेढ प्रतिशत नमूने कम असरदार पाए गए।

****

पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर किठवाड़ी गांव के पास आज एक तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। कार में सवार 2 दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के बरामदपुर गांव के निवासी सज्जन कुमार और उत्तर प्रदेश के जिला अंबेडकर नगर के गांव अशरफाबाद के निवासी चंद्रजीत यादव एक कार में सवार होकर फरीदाबाद जा रहे थे कि एक डंपर ने कार में सामने से टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **'मन की बात'** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी।कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और newsonair ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना एवं प्रसारण

मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।